पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने शपथ ग्रहण करायी

राकेश गर्ग उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के नये अध्यक्ष

लखनऊः 24 दिसम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित समारोह में अवकाश प्राप्त आई0ए0एस0 अधिकारी श्री राकेश गर्ग को उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी। श्री गर्ग 1980 बैच के आई0ए0एस0 अधिकारी हैं तथा गत 30 नवम्बर, 2016 को सेवानिवृत्त हुये हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, मुख्य सचिव श्री राहुल भटनागर, अध्यक्ष राजस्व परिषद श्री प्रवीर कुमार, उपाध्यक्ष योजना आयोग श्री नवीन बाजपेई, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सतीश अग्रवाल, विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री देशदीपक वर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री प्रदीप भटनागर, बोर्ड की सदस्य सुश्री रेखा गुप्ता सहित बोर्ड के अन्य सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विशेष सचिव नगर विकास श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष श्री कपिल देव का कार्यकाल 31 जुलाई, 2016 को समाप्त हो गया था। राज्यपाल ने इससे पूर्व 14 जुलाई, 2016 को बोर्ड के तीन सदस्यों श्री शिव शंकर सिंह, श्री शंकर सिंह एवं सुश्री रेखा गुप्ता को शपथ ग्रहण करायी थी। उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड प्रदेश के 14 निगमों, 194 नगर पालिकाओं एवं 427 नगर पंचायत यानि कुल 635 ऐसी संस्थाओं को वित्तीय सलाह देता है।

अंजुम/ललित/राजभवन (484/50)

उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के
नवनियुक्त अध्यक्ष

उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के
नवनियुक्त अध्यक्ष

नगर पालिका
बोर्ड के
समारोह
भवन